मुख्यमंत्री ने ड्रोन शो में देखा सेना का शौर्य

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग पर ''ऑपरेशन सिंदूर'' थीम पर आधारित ड्रोन शो को निहारा।

जयपुर/जोधपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग पर मुख्यमंत्री ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' थीम पर आधारित ड्रोन शो का अवलोकन किया। मेहरानगढ़ दुर्ग से इस शो में लगभग 550 ड्रोन ने आसमान में भारतीय सेना की शौर्य गाथा का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अद्वितीय दृश्य को शहर के प्रमुख स्थलों पर स्पीकर और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से आमजन के लिए भी प्रसारित किया गया, जिसका साक्षी पूरा जोधपुर बना।

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सानिध्य में 79वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में ''एट होम'' कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। जहां मुख्यमंत्री ने 14 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस पदक तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 5 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक देवेंद्र जोशी, बाबू सिंह राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा, उच्चाधिकारीगण, गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

रिलायंस डिजिटल इंडिया सेल 17 अगस्त तक जारी रहेगी

मुंबई(कासं)। भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल, अपनी लंबे समय से इंतजार की जा रही है। डिजिटल इंडिया सेल के साथ वापस आ गया है।

यह सेल 17 अगस्त 2025 तक चलेगी। सेल के दौरान ग्राहक 25प्रतिशत तक सेविंग्स (इसमें एसबीआई बैंक कार्ड्स पर 15000 तक 10 प्रतिशत इंस्टंट डिस्काउंट और गिफ्ट वाउचर्स में 15 प्रतिशत शामिल है) का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक इस सेल में आकर्षक पेपर फाइनान्स ऑप्शंस, जिसमें 1 फ्री ईएमआई भी शामिल है और चुनिंदा एक्सेसरीज पर यूपीआई से पेमेंट करने पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत अनिलिमिटेड डिस्काउंटका भी फायदा उठा सकते हैं।

डिजिटल इंडिया से ग्राहकों के लिए सभी रिलायंस डिजिटल, माय जियो, जियो मार्ट डिजिटलस्टोर्स और ऑनलाइन स्टोर वेबसाइट पर उपलब्ध है।

इस सेल में एपल प्रोडक्ट्, वॉशिंगमशीन्स, पर्सनल इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज, रेफ्रिजरेटर्स औ एसी, किचन एंड होम अप्लायंसेस पर विशेष छूट के साथ ऑफर्स दिये जा रहे है।

विधायक-सांसदों के चुनाव होते हैं, फिर छात्रसंघ चुनाव क्यों नहीं?

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए दायर याचिका पर मौखिक टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि जब सांसद और विधायकों के चुनाव कराए जाते हैं, तो छात्रसंघ चुनाव कराने में क्या परेशानी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 22 अगस्त को तय की है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश जय राव व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान मामले में राज्य सरकार की ओर से पेश जवाब को रिकॉर्ड पर लिया गया। राज्य सरकार की ओर से जवाब में कहा गया कि प्रदेश के नौ विश्वविद्यालय के कुलगुरुओं ने छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने की सिफारिश की है। इसके अलावा छात्रसंघ चुनाव मौलिक अधिकार भी नहीं है। इसलिए इस सत्र में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया गया है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मामले में सुनवाई 22 अगस्त को रखी है। याचिका में अधिवक्ता शांतनु पारीक ने कहा कि विवि के प्रत्येक छात्र को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। छात्र अपने प्रतिनिधि के जरिए ही प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुंचाते हैं। वहीं लिंगदोह कमेटी की सिफारिश के तहत भी हर साल सत्र आरंभ होने के छह से आठ सप्ताह में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने चाहिए, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक चुनाव को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। इसलिए राज्य सरकार को छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश दिए जाए।

- राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए दायर याचिका पर मौखिक टिप्पणी की

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

रीको औद्योगिक क्षेत्रों में होटल भूखण्ड

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 25 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 26 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 28 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

क्र.सं.	जिला	रीको इकाई कार्यालय	औद्योगिक क्षेत्र	भूखण्ड क्रमांक	क्षेत्रफल (वर्गमी)	आरक्षित दर (प्रति वर्गमी)
1	सिरोही	आबूरोड	ग्रोथ सेंटर -II	CP-1 (Corner)	1750.50	7500.00
2	धौलपुर	भरतपुर	ग्रोथ सेंटर (विस्तार) धौलपुर	CP-8 (Corner)	7378.00	15000.00
3	भीलवाडा	भीलवाडा	ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़ स्वरूपगंज के पास	CP-25	2697.00	7000.00
4	सैरथल-तिजारा	भिवाड़ी-I	भिवाड़ी	HT-61	4074.00	65000.00
			कहरानी	HT-1(Corner)	4402.30	50000.00

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 26 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 27 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

क्र.सं.	जिला	रीको इकाई कार्यालय	औद्योगिक क्षेत्र	भूखण्ड क्रमांक	क्षेत्रफल (वर्गमी)	आरक्षित दर (प्रति वर्गमी)
1	जयपुर	जयपुर (ग्रामीण)	कांट-कालवाड़ (विस्तार)	HP-21	24081.00	10000.00
				HP-16	13213.03	11000.00
				HP-17	12761.50	10500.00
				HP-4	14081.05	12000.00
2	अजमेर	किशनगढ़	किशनगढ़- III (मार्बल मंडी)	CP-1	1425.00	50000.00
3	टोंक	सवाईमाधोपुर	आईआईडी सेंटर निवाई कॉमर्शियल ब्लॉक- 1	Hotel-2	960.00	15000.00
4	श्रीगंगानगर	श्रीगंगानगर	13 एल.एन.पी. (पतीरूविया)	Hotel (Corner)	1405.77	15000.00
			अनूपगढ़ फेज- II	Hotel	3081.00	22500.00
5	उदयपुर	उदयपुर	गुडली	SP-1 (Corner)	4405.00	15400.00

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद / सी / 25 / 8204

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें

https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार

सरल ई-नीलामी के माध्यम से

अन्तिम 4 दिन शेष

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

72 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 509 कुल भूखण्ड | 462 औद्योगिक भूखण्ड | 47 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी: अंतिम तिथि: 18 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 19 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 21 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

71	आबू रोड़	01	चूरू
30	अजमेर	14	बीकानेर
04	अलवर	05	झुंझुनू
07	भिवाड़ी-I	10	भरतपुर
28	भिवाड़ी-II	28	किशनगढ़
14	बोरानाडा	21	भीलवाड़ा
02	दौसा	03	नीमराना
10	घिलोठ		

ईएमडी: अंतिम तिथि: 19 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 20 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 22 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

44	नागौर	08	उदयपुर
37	पाली	06	जयपुर (दक्षिण)
35	झालावाड़	01	जयपुर (ग्रामीण)
03	जालोर	67	ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
22	राजसमंद	01	जोधपुर
30	कोटा	02	श्रीगंगानगर
01	सीकर	04	सवाई माधोपुर

राज.संवाद / सी / 25 / 8184

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें

https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in